>

Title: Need to regularize all unauthorized colonies in National Capital Territory of Delhi.

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** सभापति महोदय, दिल्ली में हजारों केस ऐसे आये हैं, जिसमें सैक्शन 81 लगाकर किसी भी जमीन को ग्राम सभा में डाल दिया जाता है। इस कानून से बहुत जबरदस्त भ्रष्टाचार फैला हुआ है। कई बार यह मांग उठायी जा चुकी है कि इस सैक्शन को खत्म कर दिया जाये। बहुत सारी जमीन ऐसी है, जो किसी प्रोजेक्ट से ताल्लुक नहीं रखती है, जो किसी काम नहीं आती है, जिसके आगे कोई प्रोजेक्ट लगा हुआ नहीं है, उसके बावजूद लैंड ऑनर्स को तंग करने के लिए सरकारी कर्मचारी उसका उपयोग करते हैं।

मेरी आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से यह मांग है कि आप जो लैंड यूज है और जो उसके एक्ट हैं, उनमें परिवर्तन करके इसमें सुधार करें और इस सैक्शन को खत्म कर दें क्योंकि दिल्ली में अब कहीं कोई ऐसी जगह नहीं बची है जो खेती के लिए इस्तेमाल होती हो। जो ग्रीन बेल्ट है, वह ग्रीन बेल्ट रहती है। वह आपके नक्शों में है और डीडीए की प्लानिंग में है। मेरी आपसे मांग है कि सेंट्रल गवर्नमेंट इस सैक्शन को खत्म करके दिल्ली वालों को राहत दे, बहुत-बहुत धन्यवाद।